दिनांक 16.01.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने लोक सुराज अभियान 2018 के अंतर्गत मुख्य कार्यालय सहित समस्त जोन कार्यालय के अंतर्गत वार्डों में लगे आवेदन संकलन शिविर में प्राप्त आवेदन, ऑनलाईन एवं समाधान पेटी के माध्यम से प्राप्त शिकायत व मांग के आवेदन के वार्डवार सूची तैयार कर एवं प्राप्त आवेदन संबंधित विभाग को प्रेषित किये जाने एवं निराकरण किये जाने के संबंध में आज निगम सभागार में शिविर के नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, विभाग प्रमुख, शिविर स्थल पर संलग्न अधिकारी, कर्मचारी की बैठक आहुत की।

लोक सुराज अभियान 2018 में प्राप्त मांग एवं शिकायत आवेदन के संबंध में निर्धारित समयावधि के अंदर प्राप्त आवेदनों के निराकरण किये जाने के लिए वार्डवार तैयार की गई सूची का निरीक्षण आयुक्त श्री चौहान द्वारा किया गया साथ ही उपस्थित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियो को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि शासन का उद्देश्य आम जनता के लिए बनाये गये योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों को मिलें इस ओर विशेष ध्यान देवें। मांग से संबंधित आवेदन पर मांग अनुरुप संबंधित स्थल का निरीक्षण कर प्रतिवदेन तैयार करें। जो कार्य निगम भिलाई के अंतर्गत बजट अनुरुप किया जा सकता है ऐसे मांगों की नस्ती तैयार कर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। जो आवेदन राज्य, जिला प्रशासन से संबंधित हो ऐसे आवेदनों को निर्धारित समय पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधित विभाग को प्रेषित करें।

निगम आयुक्त ने अभियान से जुड़े समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि लोक सुराज अभियान के तहत् प्राप्त आवेदनों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसके निराकरण करने की दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें समय सीमा पर कार्य का संपादन करते हुए आवेदनों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। कार्य पर लापरवाही पाये जाने पर सीधे अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी।

जनसंपर्क अधिकारी

सत्यमेव जयते
कार्यशाला
निगम जनदर्शन